# हैंडलूम, बॉटलिंग, सीमेंट सेक्टर में होंगे नए निवेश

**लखनऊ, विशेष संवाददाता।** देश की दिग्गज कंपनियां अब उत्तर प्रदेश का रुख कर रही हैं। देश की कई प्रमुख निर्माण कंपनियां अपनी निवेश परियोजनाएं बाराबंकी के राम सनेही घाट औद्योगिक में लगाने जा रही हैं। यूपीसीडा को भेजे गए प्रस्तावों के मुताबिक विभिन्न क्षेत्रों की प्रमुख कंपनियों ने यूपी में अपने नए कारोबार की नींव रखने का निर्णय लिया है। इनमें हैंडलूम, एग्री बिजनेस, बॉटलिंग, सीमेंट, टेलीकॉम और मैन्युफैक्चरिंग जैसे सेक्टर प्रमुख हैं।

आईआईए के अयोध्या मंडल के अध्यक्ष प्रमित कुमार सिंह ने बताया कि गणपति एग्री बिजनेस प्राइवेट लिमिटेड ने राम सनेही घाट में 25 एकड़ भूमि अधिग्रहण के लिए रुचि जताई है।